• सम्पूर्ण पृथ्वी का घनत्व कितना है।

→ 5.5

संपूर्ण पृथ्वी का औसत घनत्व 5.52 है। पृथ्वी की आयु 4.6 बिलियन वर्ष है।

• मोहोरोविसिक असातत्य कहाँ स्थित रहती है?

→ पर्पटी और मेंटल के मध्य

भू-पटल एवं मेंटल के सम्पर्क क्षेत्र में 'P' तरंगों का वेग 6.9 Km/s से बढ़कर 7.9 से 8.1 Km/s हो जाता है। इस असमबहुता को मोहो असमबहुता कहा जाता है।

• किस विद्वान ने क्रस्ट के नीचे पृथ्वी के आंतरिक भाग में तीन परतों यथा सियाल, सीमा, निफे की पहचान की?

→ स्वेस के अनुसार

• स्वेस के अनुसार पृथ्वी की ऊपरी परत कहलाती है?

→ सियाल (sial)

• भू-भौतिकी एवं भू-गणितीय के अंतराष्ट्रीय संघ के अनुसार भूपटल की औसत मोटाई है—

→ 30 Km

• मोहोरोविसिक असंतता निम्नलिखित में से किन्हें बीच सीमा का निर्माण करती है?

→ क्रस्ट तथा ऊपरी मेंटल

• पृथ्वी के आंतरिक भाग में ऊष्मा के जनन का मुख्य कारण क्या है?

→ रेडियो सक्रिय पदार्थ तथा गुरुत्व बल का तापीय ऊर्जा में परिवर्तन

• दुर्बलता मंडल (asthenosphere) कहाँ स्थित है?

→ ऊपरी मेंटल के ठीक ऊपर

• भूगर्भ के अंदर पिघला हुआ पदार्थ कहलाता है?

→ मैग्मा

• पृथ्वी की आंतरिक परत निफे के निर्माण में किन तत्वों की प्रधानता होती है?

→ निकल एवं लोहा।

• पृथ्वी की माध्यमिक परत सीमा में किन तत्वों की प्रधानता होती है?

→ सिलिका एवं मैग्नीशियम

• पृथ्वी की ऊपरी परत सियाल में किन तत्वों की प्रधानता होती है?

→ सिलिका एवं एल्युमिनियम

• कोनराड विच्छिन्नता निम्नलिखित में से किसके मध्य पाई जाती है?

→ ऊपरी क्रस्ट एवं निचली क्रस्ट के मध्य

मोहो विच्छिन्नता — क्रस्ट तथा मेंटल के बीच
रेपटली विच्छिन्नता — ऊ० मेंटल व नीचली मेंटल के बीच
गुटेनबर्ग विच्छिन्नता — मेंटल व क्रोड के बीच
लेहमान विच्छिन्नता — बाहरी क्रोड व भीतरी क्रोड के बीच

Shot on motorola
POORNIMA
Apr 20, 2021